प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के विशेष सत्र में कहा– शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मिलेंगे बडे अवसर, विपक्ष दिखा कमजोर।
- केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन से जुड़े विधेयक को दी मंजूरी, संसद के शीतकालीन सत्र में हो सकता है पेश।
- 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत 15 के खिलाफ सीबीआई कोर्ट ने लिया संज्ञान, 15 जनवरी को होगी अगली सुनवाई।
- राज्य के दस जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्यिस के नीचे पहुंचा, मौसम विभाग ने जारी किया शीतलहरी का यलो अलर्ट।
- भारत के डोम्माराजू गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने, आनंद के बाद दूसरे भारतीय।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के विशेष सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद कहा कि यह अभिभाषण नहीं बल्कि सरकार का श्वेत पत्र है। सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे––

*****************

केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन से जुड़े विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, इसी सत्र में यह बिल संसद में पेश किया जा सकता है। केंद्र सरकार अब विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है। सरकार इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है।

*****************

वन नेशन–वन इलेक्शन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है उनके पास बहुमत है, वे कोई भी फैसला ले सकते हैं...यह उनका अपना एजेंडा है। वे अपने एजेंडे पर काम करेंगे, हम अपने एजेंडे पर काम करेंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संगम नगरी प्रयागराज का दौरा करेंगे और महाकुंभ–2025 का औपचारिक रूप से उद्घाटन करेंगे। महाकुंभ की शुरूआत अगले साल 13 जनवरी से हो रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गईं महाकुंभ परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

*****************

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देश में पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने लंबित मामलों में शीर्ष अदालत के अगले आदेश तक कोई अंतिम या प्रभावी आदेश पारित नहीं करने का भी आदेश दिया।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह देवघर, बासुकीनाथ और भोगनाडीह जाएंगे और रात्रि विश्राम पतना स्थित अपने घर में करेंगे। मुख्यमंत्री बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूर्जा–अर्चना करेंगे। अगले दिन 14 दिसंबर को भोगनाडीह में सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री सोरेन विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे।

*****************

34वां राष्ट्रीय खेल घोटाले में सीबीआई कोर्ट ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, आरके आनंद, एस एम हाशमी, मधुकांत पाठक, पीसी मिश्रा समेत 15 आरोपियों के खिलाफ संज्ञान लिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। बता दें कि वर्ष दो हजार ग्यारह में हुए 34वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में घोटाले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश झारखंड हाई कोर्ट ने दिया था. इससे पहले इस घोटाले की जांच झारखंड का एंटी करप्शन ब्यूरो कर रहा था।

*****************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


*****************

रांची जिले के एक कलाकार ढोकरा कला को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।

*****************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में लगातार शीतलहरी का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में करीब 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तापमान की कमी देखी गई है। राज्य के दस जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे मापा गया। मौसम विभाग ने शीतलहरी का यलो अलर्ट जारी किया है।

*****************

भारत के डी गुकेश ने सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर शतरंज में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया है। चेन्नई के 18 वर्षीय विजेता–ने इस मुकाबले को 7 दशमलव 5 और 6 दशमलव 5 से जीत लिया और विश्व शतरंज चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

*****************

ओमान के मस्कट में महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में भारत ने कल रात थाईलैंड को नौ–शून्य से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत सेमीफाइनल में पहुंच गया है और चिली में अगले वर्ष होने वाले एफ.आई.एच. जूनियर विश्व कप में भी जगह पक्की कर ली है। भारत की ओर से दीपिका ने चार गोल किए, जबकि कनिका सिवाच ने लगातार तीन गोल किए। कल सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एक देश एक चुनाव को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृति देने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है हमारे अगले आदेश तक मंदिर मस्जिद विवादों से अदालतें दूर रहें।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ कराने का बिल कैबिनेट से मंजूर–एक देश एक चुनाव पर एक कदम और बढ़ाया, इसी सत्र में आएगा बिल।
हिन्दुस्तान ने लिखा है राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दिया जवाब, कहा –शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगें
दैनिक जागरण के शब्द हैं– डी गुकेश ने रचा इतिहास, बने सबसे युवा शतरंज चैंपियन।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल के कैबिनेट में पास होने की खबर को सुर्खी बनाई है।

*****************